उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

दूरभाष : 01334–244282

वैबसाइट:psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 24 / 65 / उ.कु.प्रसा. / स0रा0(सिविल / प्रवर) अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 / गोपन–3/2024–25   दिनांक : 23 जुलाई, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **दिनांक 14 जुलाई, 2024** को आयोजित **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 के प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम प्रश्नपत्र–सामान्य अध्ययन एवं द्वितीय प्रश्नपत्र–सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा** (वस्तुनिष्ठ प्रकार) की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक : 24 जुलाई, 2024 से 30 जुलाई, 2024 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत विज्ञप्ति **पत्रांक :: 23 / 65 / उ.कु.प्रसा. / स0रा0(सिविल / प्रवर) अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 / गोपन–3 / 2024–25 दिनांक : 23 जुलाई, 2024** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-Sd/-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।